निगमकर्मी फैला रहे प्रदूषण

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

नगर निगम के विभिन्न वार्डों में तैनात सफाईकर्मी खुद प्रदूषण फैला रहे हैं। कूड़ा उठाने से बचने के लिए उसमें आग लगाकर धुंध बढ़ा रहे हैं।

इस कूड़े में प्लास्टिक भी जलती है जिसकी वजह से जहरीली गैस वातावरण में फैलती है। कई बार कूड़ा जलाने की शिकायत हुई और निगम कर्मियों पर कार्रवाई भी लेकिन उसके बाद भी वे कूड़ा जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। सोमवार को नगर निगम की बरीकलां में बनी सैनिटरी लैंडफिल साइट के कूड़े में लगी आग से वहां पर काफी धुंध छा गई थी। नगर निगम की

ओर से इसे बुझाने के लिए 12 से ज्यादा टैंकर पानी डाला गया। वहीं, शिवरी स्थित कूड़ा निस्तारण प्लांट पर शहर भर से लाखों टन कूड़ा इकट्ठा हो चुका है। इसको निस्तारित करना बड़ी चुनौती बना हुआ है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी प्लांट चालू नहीं हो सका है।

कूड़ा जलाने वाले सात कर्मचारियों पर दण्ड

लखनऊ। नगर निगम सफाईकर्मी शहर में कूड़ा जलाकर धुंध फैला रहे हैं। नगर निगम के ऐसे सात सफाईकर्मियों पर मंगलवार को दण्ड लगाया गया। नगर आयुक्त उदयराज सिंह के निर्देश पर इन सातों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काट लिया गया।

जोन एक के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पंकज शुक्ला ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में कूड़ा जलाने वाले सात सफाई कर्मी मौके पर पकड़े गए। नगर आयुक्त ने सोमवार को वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर 500 रुपये जुर्माना लगाए जाने के आदेश जारी किए थे।